समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# शेयर, सोना, फ्लैट और मकान, CJI समेत सुप्रीम कोर्ट के जजों के पास कितनी प्रॉपर्टी ? हो गया खुलासा।

Publisher Published on 06 May 2025



**चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की बात करे तो उनके पास दक्षिण दिल्ली मे एंक 3 बेडरूम फ्लैट है, दिल्ली के कॉमनवेल्थ गेम्स विलेज मे 4 बेडरूम फ्लैट है.**

सुप्रीम कोर्ट के जजों ने अपनी संपत्ति की जानकारी सार्वजनिक कर दी है. 1 अप्रैल को सभी जजों की बैठक में यह फैसला हुआ था. अब कोर्ट के 33 में से 21 जजों की संपत्ति की जानकारी सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड की गई है. बताया गया है कि बाकी 12 जजों की संपत्ति का विवरण भी जल्द वेबसाइट पर डाल दिया जाएगा. जजों ने अपने और अपने परिवार के फ्लैट/मकान, पैतृक संपत्ति, कृषि भूमि , बैंक खाते, गहने जैसी तमाम बातों की जानकारी सार्वजनिक की है.

चीफ जस्टिस संजीव खन्ना के पास कितनी प्रॉपर्टी ?
चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की बात करें तो उनके पास दक्षिण दिल्ली में एक 3 बेडरूम फ्लैट है, दिल्ली के कॉमनवेल्थ गेम्स विलेज में 4 बेडरूम फ्लैट है जिसके साथ 2 पार्किंग भी है, गुरुग्राम में एक फ्लैट में 56% हिस्सा है, हिमाचल प्रदेश के डलहौजी में पैतृक संपत्ति में उनका हिस्सा है. चीफ जस्टिस ने अपने बैंक खाते, पीएफ खाता, शेयर, सोना जैसी जानकारियां भी सार्वजनिक की हैं. उन्होंने पत्नी और परिवार की संपत्ति की भी जानकारी दी है.

चीफ जस्टिस बनने जा रहे जस्टिस गवई के पास कितनी संपत्ति ?
इसी तरह वरिष्ठतम जज और 14 मई से चीफ जस्टिस बनने जा रहे जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई ने भी बताया है कि उनके पास महाराष्ट्र के अमरावती में मकान और कृषि भूमि है जो उन्हें अपने स्वर्गीय पिता से विरासत में मिली, उनके पास मुंबई के बांद्रा और दिल्ली के डिफेंस कॉलोनी में फ्लैट हैं, उनके पास नागपुर में भी कृषि भूमि है. जस्टिस गवई ने अपने बैंक खाते, सोना जैसी संपत्ति

के अलावा उन्होंने पत्नी की संपत्ति की भी जानकारी दी है.

सभी जजों की प्रॉपर्टी वेबसाइट पर की गई अपलोड

सभी जजों की संपत्ति की जानकारी सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर उपलब्ध है. माना जा रहा है कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से जुड़ी चर्चाओं के बीच लोगों के विश्वास को बरकरार रखने के लिए यह कदम उठाया गया है. संपत्ति की घोषणा को लेकर जजों की फुल कोर्ट मीटिंग में पारित प्रस्ताव भविष्य के लिए भी लागू रहेगा.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.